ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 178
पृष्ठ 4

धनतेरस पर करें ये 5 उपाय, आर्थिक स्थिति में होगा सुधार, मां लक्ष्मी की बरसेगी कृपा



24 न्यूज अपडेट

दिवाली के त्योहार की शुरुआत का प्रतीक धनतेरस का त्योहार इस वर्ष शनिवार, 18 अक्टूबर 2025 को पड़ रहा है. कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को मनाया जाने वाला यह पावन दिन धन की देवी लक्ष्मी और धन के देवता कुबेर की पूजा के लिए समर्पित है. लोगों का मानना है कि धनतेरस की शाम को पूरा के साथ-साथ इन पांच महत्वपूर्ण उपायों को करने से साल भर घर में समृद्धि बनी रहती है. लोगों का यह भी मानना है कि इन पांच महत्वपूर्ण उपायों से आर्थिक समस्याएं दूर होती है और देवी लक्ष्मी और धन के देवता कुबेर की विशेष कृपा प्राप्त होती है. ऐसे में आइए जानते हैं धनतेरस की शाम किन पांच महत्वपूर्ण कार्यों को करना चाहिए...

13 दीपक जलानाः ऐसा माना जाता है कि धनतेरस की शाम को 13 दीपक जलाने से धन, समृद्धि और स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है. यह भगवान कुबेर और देवी लक्ष्मी को प्रसन्न करने का एक पारंपरिक उपाय है.


कुबेर पूजा-मंत्र जपः दीपक जलाने के बाद घर में कुबेर और धन रखने वाले कोष (तिजोरी) की विधि-विधान से पूजा करनी चाहिए. धूप, दीप, चंदन, प्रसाद, फूल और फल चढ़ाना चाहिए. साथ ही कुबेर पूजा के लिए "ओम यक्षाय कुबेरा वैश्रवणाय धनधान्यधिपतये धनधान्यसमृद्धि मे देहि दापय स्वाहा" और "ओम ह्रीं श्रीं क्रीं श्रीं कुबेर अष्ट-लक्ष्मी मम घरे धनं पुरय पुरय नमः" मंत्र का जाप करना चाहिए. इसका मतलब है कि हे यक्ष, कुबेर, वैश्रवण, धन और धान्य के स्वामी, मुझे धन और समृद्धि प्रदान करें.

मुख्य द्वार पर ॐ का चिन्हः अपने घर के मुख्य द्वार पर हल्दी और चावल के लेप से ॐ का चिन्ह बनाएं. इसे घर में लक्ष्मी के आगमन का संकेत माना जाता है.

शंख से जल छिड़कनाः दाहिने हाथ में रखे शंख में स्वच्छ जल भरकर घर में चारों ओर छिड़कें. इससे घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और समृद्धि आती है.

देवी लक्ष्मी का चित्रः धनतेरस पर घर में कमल पर विराजमान और धन-समृद्धि बरसाती देवी लक्ष्मी की तस्वीर लाएं. इस तस्वीर के दोनों ओर सूंड उठाए हुए दो हाथी भी होने चाहिए. ऐसी तस्वीर अत्यंत शुभ और समृद्धि का प्रतीक मानी जाती है. ऐसा माना जाता है कि पूजा के बाद ऐसी तस्वीर को तिजोरी या उत्तर दिशा में रखना चाहिए. इससे घर में सुख-शांति और धन-संपत्ति आती है.

रेलवे टिकट बुक करने की वेबसाइट और एप डाउनः दिवाली से पहले हजारों यात्री परेशान, टिकट बुक नहीं कर पा रहे यूजर्स



24 न्यूज अपडेट

दिवाली से पहले आज यानी, 17 अक्टूबर को IRCTC की वेबसाइट और मोबाइल एप डाउन हो गए। लोग सुबह 9 बजे से रेल टिकट बुक नहीं कर पा रहे। IRCTC की दूसरी सर्विसेज इस्तेमाल करने में भी परेशानी हो रही है। आउटेज ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म डाउन डिटेक्टर के मुताबिक सुबह 9:00 बजे से लोगों ने साइट और एप डाउन होने की शिकायत दर्ज करानी शुरू कर दी थी। सुबह 11 बजे तक करीब 6,000 लोग इसे रिपोर्ट कर चुके थे।

डाउन डिटेक्टर के मुताबिक वेबसाइट पर 49%, एप पर 37% और स्टेशन से टिकट लेने वाले 14% लोगों ने शिकायतें की हैं। सोशल मीडिया पर भी यूजर्स इस पर नाराजगी जता रहे हैं। इधर, IRCTC के अधिकारियों ने कहा है कि साइट और एप तकनीकी कारणों से डाउन हुए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट पर चिंता जताई : केंद्र-CBI से जवाब मांगा; दिल्ली में इस साल 1,000 करोड़ के साइबर फ्रॉड



24 न्यूज अपडेट

देश में बढ़ती ऑनलाइन ठगी और डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने गहरी चिंता जताई है। अदालत ने खुद पहल करते हुए केंद्र सरकार और CBI से इन मामलों में जवाब मांगा है।

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि यह कोई आम अपराध नहीं है। कोर्ट के नाम, मुहर और आदेशों की नकली कॉपी बनाना पूरी न्याय व्यवस्था पर सीधा हमला है।

दरअसल, ठगों ने हरियाणा के अंबाला जिले में 73 साल के बुजुर्ग दंपति से 3 से 16 सितंबर के बीच 1.05 करोड़ रुपए ठग लिए थे। उन्होंने दंपति को सुप्रीम कोर्ट और जांच एजेंसियों के नकली आदेश और जजों के फर्जी साइन दिखाकर डिजिटल अरेस्ट किया था।

घटना के बाद महिला ने 21 सितंबर को सीजेआई बीआर गवई को चिट्ठी लिखकर पूरी बात बताई। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने खुद ही इस मामले पर एक्शन लिया।

वहीं, दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में 2025 में साइबर अपराधियों ने लोगों से लगभग 1,000 करोड़ रुपए ठगे हैं। इस साल इन्वेस्टमेंट स्कैम, डिजिटल अरेस्ट और बॉस स्कैम ठगी के सबसे ज्यादा आम तरीके बने हैं।

ठगों ने दंपति को फेक कोर्ट ऑर्डर दिखाए

महिला ने बताया कि ठगों ने खुद को CBI, ED अधिकारी बताया। उन्होंने ऑडियो और वीडियो कॉल्स के जरिए दंपति को फेक कोर्ट ऑर्डर दिखाए, जिन पर कोर्ट की मोहर और जजों के नकली साइन थे। इसके बाद ठगों ने धमकाकर अलग-अलग बैंक खातों में 1.05 करोड़ ट्रांसफर करवाए।

केंद्र, CBI और हरियाणा पुलिस को आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल से मदद मांगी है और हरियाणा सरकार व अंबाला साइबर क्राइम यूनिट को निर्देश दिया है कि अब तक की जांच की पूरी रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें।

कोर्ट ने कहा कि ऐसे अपराधों का देशभर में फैलता नेटवर्क सामने आ रहा है। इसलिए सिर्फ एक मामले की जांच नहीं, बल्कि केंद्र और राज्य पुलिस को मिलकर राष्ट्रीय स्तर पर कार्रवाई करनी होगी।

साल 2024 में दिल्ली के लोगों से करीब 1,100 करोड़ रुपए की साइबर ठगी हुई थी। उस समय पुलिस और बैंक ठगे गए पैसों में से लगभग 10% रकम को ही फ्रीज कर पाए थे।

लेकिन 2025 में दिल्ली पुलिस ने बैंकों के साथ मिलकर लगभग 20% ठगे गए पैसे को रोकने में सफलता पाई है। यानी, पिछले साल की तुलना में यह उपलब्धि दोगुनी है।

सोना पहली बार 1.30 लाख पार, आज 2,113 चढ़ाः चांदी 1,147 महंगी, 1.69 लाख प्रति किलो बिक रही; इस साल गोल्ड 53,422 बढ़ा




24 न्यूज अपडेट

सोने ने आज (17 अक्टूबर) फिर नया ऑलटाइम हाई बनाया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम आज (17 अक्टूबर) 2,113 रुपए बढ़कर 1,29,584 रुपए के स्तर पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान इसने 1,30,874 का ऑलटाइम हाई बनाया था। कल ये 1,27,471 रुपए पर था।

वहीं चांदी की कीमत में भी आज तेजी रही। यह 1,147 रुपए बढ़कर 1,69,230 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई। कल चांदी 1,68,083 रुपए प्रति किलो थी। इससे पहले मंगलवार, 14 अक्टूबर को चांदी 1,78,100 रुपए के ऑल टाइम हाई पर थी।

ऑनलाइन जुआ-सट्टा मामला, सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को नोटिसः कहा- सरकार याचिका की कॉपी देखें और अगली सुनवाई में हमारी मदद करें



24 न्यूज अपडेट

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा- यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। याचिका की एक कॉपी सरकार के वकील को दें। वह इसे देखेंगे और फिर अगली सुनवाई में हमें मदद करेंगे।

दरअसल, सेंटर फॉर एकाउंटेबिलिटी एंड सिस्टेमिक चेंज (CASC) और शौर्य तिवारी ने यह जनहित याचिका दायर की है। इसमें सरकार से मांग की गई है कि वह देशभर में तेजी से फैल रहे ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी वाले एप्स पर सख्त कार्रवाई करें।

देश में करीब 65 करोड़ लोग ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर एक्टिव हैं। ज्यादातर लोग रियल मनी गेम्स में दांव लगाते हैं। इनका सालाना कारोबार 1.8 लाख करोड़ से ज्यादा है।

याचिकाकर्ताओं ने लॉ कमीशन की 276वीं रिपोर्ट का हवाला दिया है। इसमें कहा गया था, 'महाभारत के समय जुआ नियंत्रित होता, तो युधिष्ठिर पत्नी और भाइयों को दांव पर नहीं लगाते।' याचिका में कहा गया है कि यह कथन पौराणिक नहीं, सांस्कृतिक चेतावनी है कि अनियंत्रित जुआ समाज की नींव हिला सकता है।

आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव के संसद में दिए बयान का भी हवाला देते हुए कहा गया है कि 'ऑनलाइन मनी गेम्स ड्रग्स से बड़ा खतरा बन चुके हैं।' मंत्रालय के अनुसार, इन एप्स के एल्गोरिद्म ऐसे होते हैं कि हार लगभग तय रहती है।

रिश्वत मामले में पंजाब DIG भुल्लर का पहला बयानः बोले- झूठा फंसाया गया, मेरे पास केस ही नहीं था



24 न्यूज अपडेट

रिश्वत केस में गिरफ्तार पंजाब पुलिस के DIG हरचरण सिंह भुल्लर को चंडीगढ़ CBI कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। शुक्रवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान मीडिया ने उनसे सवाल पूछे तो उन्होंने कहा कि सभी आरोप झूठे हैं, जिन्हें वह अदालत में साबित करेंगे। कोर्ट इंसाफ करेगा। हर चीज का जवाब देंगे।

DIG भुल्लर और उनके बिचौलिए कृष्णु को CBI ने गुरुवार (16 अक्टूबर) को गिरफ्तार किया था। इसके बाद DGI के घर की तलाशी ली गई। इस दौरान साढ़े 7 करोड़ कैश, ढाई किलो सोने की ज्वेलरी, लग्जरी घड़ियां, हथियार, बैंक अकाउंट्स की डिटेल्स और 50 से ज्यादा प्रॉपर्टी के डॉक्यूमेंट मिले। वहीं फार्महाउस से शराब के साथ कैश और कारतूस मिले हैं।

सेंसेक्स 484 अंक चढ़कर 83,952 के स्तर पर बंदः निफ्टी भी 124 अंक चढ़ा, आटो और फार्मा सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही



24 न्यूज अपडेट

शेयर बाजार में आज (17 अक्टूबर) यानी, इस हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 484 अंक चढ़कर 83,952 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 124 अंक की तेजी रही, ये 25,709 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 में से 16 शेयर्स में तेजी और 14 में गिरावट रही। एशियन पेंट्स का शेयर सबसे ज्यादा 4% चढ़ा। M&M, भारती एयरटेल, ITC और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर में 1% से ज्यादा की तेजी रही। NSE के आटो, FMCG और फार्मा सेक्टर में तेजी देखने को मिली।

दिल्ली हाईकोर्ट की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में वकील का अश्लील व्यवहार वायरल, सोशल मीडिया पर मामला गरमाया

24 न्यूज अपडेट

दिल्ली, 17 अक्टूबर। दिल्ली हाईकोर्ट की ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान एक वकील का कथित अश्लील और अनैतिक व्यवहार सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में वकील एक महिला का हाथ पकड़कर उसे अपनी ओर खींचते और किस करने की कोशिश करते दिख रहा है। घटना 14 अक्टूबर की बताई जा रही है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान हुई घटना जानकारी के अनुसार, कोर्ट की ऑनलाइन सुनवाई के दौरान केस से जुड़े सभी लोग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े थे। जज के आने का इंतजार करते समय वकील अपने कमरे में कोर्ट की पोशाक में बैठे थे। अचानक वकील ने सामने खड़ी महिला का हाथ पकड़कर उसे अपनी ओर खींचने की कोशिश की। वीडियो में महिला हिचकिचाती है और विरोध करने की कोशिश करती है। वकील फिर भी उसे पास खींचते हैं



और हल्की किस करने का प्रयास करते हैं, जिसके बाद महिला पीछे हट जाती है।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि वकील और महिला दोनों की पहचान की पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। घटना का वीडियो किसी व्यक्ति ने अपने फोन में रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया।

संपादकीय : सेहत की सुध

किसी भी रोग की दवा से लेकर रसायनों के मिश्रण से तैयार हर वह पदार्थ हमेशा ही संबंधित एजंसियों की निगरानी के दायरे में होना चाहिए, जो इंसानी सेहत के लिए जोखिम का कारक बन सकते हैं। हालांकि सरकार के मातहत इसके लिए बाकायदा एक तंत्र है, लेकिन इसके बावजूद बाजार में ऐसी दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों की बिक्री खुलेआम होती रहती है, जिनके उपयोग के बाद स्वास्थ्य कई तरह के जोखिम के दायरे में आ जाता है। ऐसा नहीं है कि इस तरह के खतरनाक रसायनों के इस्तेमाल पर रोक के लिए कानून नहीं हैं, लेकिन या तो वे अपर्याप्त हैं या फिर उन्हें सख्ती से लागू करने को लेकर सरकारी एजेंसियों के भीतर कोई इच्छाशक्ति नहीं है। यह बेवजह नहीं है कि ऐसी दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों के इस्तेमाल से कई बार नाहक ही लोगों की मौत होने या स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचने की खबरें आती रहती है। यों तो सरकार को इससे संबंधित नियम-कायदों को पहले ही सख्ती से लागू करना चाहिए था, लेकिन अब नए सिरे से नकली या जोखिम का वाहक बनने वाली दवाओं और नुकखनदेह सौंदर्य प्रसाधनों पर नकेल कसने की तैयारी हो रही है। दरअसल, हाल ही में कुछ राज्यों में खांसी की दवा पीने से कई बच्चों की मौत की खबरें आईं और इससे हर तरफ चिंता पैदा हुई। अब केंद्र सरकार दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों की सख्त गुणवत्ता जांच और निगरानी के लिए कानून रही है। इस संबंध में 'औषधि, चिकित्सा उपकरण और सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 2025' का मसविदा संसद के आगामी सत्र में पेश किया जा सकता है। देश भर में आए दिन नकली दवाओं की विक्री और उससे पैदा खतरों को लेकर सवाल उठते रहते हैं। अगर कभी कोई मामला तूल पकड़ लेता है, तब थोड़ी सख्ती और कार्रवाई होती दिखती है। मगर आमतौर पर कार्रवाई के दायरे में निचले स्तर के कुछ कर्मचारी या अधिकारी ही आते हैं। मामला शांत होने के बाद फिर दवाओं के निर्माण को लेकर गुणवत्ता और तय कसौटियों में व्यापक लापरवाही बदस्तूर जारी रहती है। इसी के मद्देनजर विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ-साथ विश्व भर के कई बड़े स्वास्थ्य नियामकों की ओर से भारतीय दवा निर्माताओं की गुणवत्ता संबंधी गंभीर खामियों को लेकर बार-बार शिकायतें और चिंता दर्ज कराई गई। मगर ऐसा लगता है भारत में सरकार और दवा कंपनियों की नींद तब तक नहीं खुलती, जब तक कोई बड़ा नुकसान नहीं हो जाता और कुछ लोगों की जान नहीं चली जाती। ऐसी दवाओं के बारे में भी खबरें आती रहती हैं, जो दूसरे कुछ देशों में प्रतिबंधित होती हैं, लेकिन यहां वे धड़ल्ले से चिकित्सकों के परामर्श तक में शामिल दिख जाती हैं। इसी तरह, सौंदर्य प्रसाधनों में कई ऐसे हैं, जिनमें हानिकारक रसायन मिले होते हैं और वे दीर्घकालिक तौर पर शरीर या इसके खास हिस्से को गंभीर नुकखन पहुंचा सकते हैं। मगर बिना किसी निगरानी और जांच-परख के नकली दवाओं से लेकर सौंदर्य प्रसाधनों के उत्पाद खुले बाजार में खरीदे बेचे जाते रहते हैं। दूसरी ओर, लोगों के बीच भी अपने स्तर पर किसी उत्पाद या दवा की जांच कराने की सुविधा से लेकर अपेक्षित जागरूकता का अभाव देखा जाता है। अब यह देखने की बात होगी कि इस संबंध में प्रस्तावित कानून किस रूप में सामने आता है और सरकार के संबंधित महकमे जोखिम का वाहक बनने वाली दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों की बिक्री और उत्पादन पर रोक लगाने के लिए कैसी इच्छाशक्ति के साथ काम करते हैं।

भुखमरी के सामने

विकास के तमाम दावों के समांतर दुनिया में आज भी करोड़ों लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं। यह समझना मुश्किल है कि एक ओर कुछ देशों की अरबों-खरबों की अर्थव्यवस्था की बात हो रही है तो दूसरी ओर कई देशों में करोड़ों नागरिक आज भी भूखे पेट क्यों सो रहे हैं। क्या यह संसाधनों के असंतुलित बंटवारे से उपजी समस्या है? भुखमरी की समस्या को लेकर संयुक्त राष्ट्र की वित्तपोषित एजंसी विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्लूएफपी) की नई रपट विचलित करती है। इसके मुताबिक दुनिया के छह देशों के एक करोड़ चालीस लाख लोग भुखमरी के कगार पर पहुंच सकते हैं। समझा जा सकता है कि आज भी भूख और कुपोषण कितनी बड़ी चुनौती है। वह तब है जब दुनिया भर में कृषि प्रौद्योगिकी को उन्नत अवस्था में बताया जाता है। कई देशों में अनाज भंडार भरे हुए हैं। ऐसे में दुनिया के किसी कोने में कोई व्यक्ति भूखा रह जाता है, तो इसके जिम्मेदार वे बड़े देश भी हैं, जो खाद्य सहायता कार्यक्रम को आर्थिक सहायता देने से हाथ खींच रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र सहायता एजंसी का कहना है कि उसके प्रमुख दानदाताओं, खासकर अमेरिका और प्रमुख पश्चिमी देशों ने अनुदान में भारी कटौती की है। नतीजतन, हैती, सोमालिया, सूडान, कांगो, दक्षिण सूडान और अफगानिस्तान में नागरिकों तक खाद्य सहायता नहीं पहुंच रही और वहां के लोग भुखमरी का सामना करने को लाचार हैं। गरीबी, कुपोषण और भुखमरी से बेहाल देशों की दुर्दशा को संयुक्त राष्ट्र एजंसी के इस कथन से समझा जा सकता है कि हम लाखों लोगों की जीवनरेखा को अपनी आंखों के सामने टूटते हुए देख रहे हैं। वैश्विक स्तर पर भुखमरी का यह भयावह परिदृश्य है। विज्ञान में इतनी प्रगति के बाद भी भुखमरी आज भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। करीब इकतीस करोड़ से अधिक नागरिक गंभीर रूप से खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। इनमें भी करीब साढ़े चार करोड़ नागरिक आपात स्थिति में पहुंच चुके हैं। सोमालिया में गरीबी और भुखमरी पूरी मानवता को लज्जित करती हैं। यह नहीं भूलना चाहिए कि कई बड़े राष्ट्र छोटे देशों में संसाधनों का दोहन करते आए हैं। ऐसे में सवाल है कि अंतरराष्ट्रीय खाद्य सहायता कार्यक्रम से पीछे हट रहे बड़े देश आखिर कैसी दुनिया देखना चाहते हैं?

शुरू हुई जांच की नौटंकी, 45 बसों के चालान, असली दोषी नेता जो आरटीओ से मंगवाते हैं फोकट की बसें!!



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान की सड़कों पर मौत का पहिया पहले भी घूम रहा था व अब भी। फर्क बस इतना है कि अब हादसे के बाद सरकार और आरटीओ विभाग ने "जांच" नाम की नौटंकी शुरू कर दी है। उदयपुर में जिन 15 स्लीपर बसों को सीज किया गया और 45 चालान काटे गए, वे बसें कोई परलोक से नहीं उतरीं। यही बसें रोज चल रही थीं, और इन्हें खुली छूट देने वाले वही आरटीओ अफसर आज दिखावे की कार्रवाई कर रहे हैं। यह अभियान नहीं, अपराध पर पर्दा डालने की कवायद जैसलमेर हादसे के बाद पूरे राज्य में चल रही यह तथाकथित चेकिंग दरअसल सिस्टम की नाकामी छिपाने की कवायद है। जो अफसर और मंत्री कल तक इन बसों की फिटनेस रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करते रहे, वही आज कैमरों के सामने सीज की कार्रवाई कर रहे हैं। यह "एक्शन" नहीं, आत्मदोष से बचने का ड्रामा है।

आरटीओ तंत्र-भ्रष्टाचार का खुला खेल

स्लीपर बसों में जाम पड़े एग्जिट गेट, बंद फायर अलार्म, ओवरलोड कूरियर और तंग गलियारों के बीच रोज हजारों यात्री अपनी जान दांव पर लगा रहे थे। सवाल यह है कि इतने सालों से ये खामियां किसकी आंखों से छिपी रहीं? आरटीओ के निरीक्षण विभाग में बैठे अफसर महीनों से इन बसों की फिटनेस "पास" कर रहे थे। अब वही अफसर मीडिया में फोटो खिंचवाकर खुद को ईमानदार बताने में लगे हैं। अगर सरकार ईमानदार है तो पहले इन अफसरों को निलंबित करे, न कि बसों को।

नेताओं का भी मिला-जुला खेल

आरटीओ के भ्रष्टाचार की जड़ नेताओं तक जाती है। जब बड़े नेताओं की रैलियां और सभाएं होती हैं, तो इन्हीं ट्रैवल एजेंसियों से फोकट बसें ली जाती हैं। यह सब जानते हैं। और बदले में उन्हें "कुछ भी करने की छूट" दी जाती है। यही असली नेक्सस है कृ नेता, अफसर और बस ऑपरेटर का गठजोड़, जिसने जनता की सुरक्षा को मज़ाक बना रखा है। यात्रियों की जिंदगी इनकी डील का हिस्सा बन चुकी है। सरकार हादसे के बाद जागती है, तब तक कई मर चुके होते हैं हर बार हादसा होता है, सरकार "सख्त कार्रवाई" के बयान देती है, कुछ दिन चेकिंग चलती है, कुछ बसें सीज होती हैं कृ और फिर सब पहले जैसा। 22 लोग जलकर मरने के बाद शुरू हुई ये चेकिंग अगर हादसे से पहले होती, तो शायद वे आज जिंदा होते।

दिखावा नहीं, जिम्मेदारी चाहिए

राज्य सरकार को चाहिए कि वह इन सीज की गई बसों का टोल रिकॉर्ड सार्वजनिक करे। इससे साफ पता चलेगा कि ये बसें हर दिन किन मार्गों पर चलती थीं और किन अधिकारियों ने इन्हें रोकने की हिम्मत नहीं दिखाई। अगर तंत्र वाकई ईमानदार हैं, तो इस "बस माफिया-आरटीओ-नेता" गठजोड़ की सीबीआई या न्यायिक जांच कराएं। वरना यह "अभियान" सिर्फ हादसों की राख पर राजनीति चमकाने का साधन बनकर रह जाएगा।

दीपावली सजावट प्रतियोगिता 2025: आमजन भी देंगे फीडबैक, तय करेंगे रैंकिंग

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। झीलों की नगरी उदयपुर में दीपावली का उत्सव इस बार और भी रंगीन होने जा रहा है। दीपावली के पावन अवसर पर 19 और 20 अक्टूबर को शहर के प्रमुख चौराहों व स्थलों पर "दीपावली स्वागत द्वार प्रतियोगिता-2025" आयोजित की जा रही है। जिला कलक्टर नमित मेहता ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 39 टेंट व्यवसायी भाग ले रहे हैं। इनमें प्रथम श्रेणी में 12 तथा द्वितीय श्रेणी में 27 प्रतिभागी शामिल हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य पारंपरिक दीपोत्सव की भावना को सशक्त करने के साथ-साथ "आपणो स्वच्छ और सुंदर उदयपुर" अभियान को बढ़ावा देना है।

छह निर्णायक दल करेंगे मूल्यांकन

कलक्टर ने बताया कि प्रतियोगिता के मूल्यांकन के लिए विभिन्न अधिकारियों के 6 निर्णायक दल गठित किए गए हैं। ये दल निर्धारित तिथियों पर टेंट की सजावट, आकार, थीम, नवाचार और जन प्रतिक्रिया के आधार पर निर्णय करेंगे।

इस बार आमजन भी होंगे निर्णायक

इस वर्ष प्रतियोगिता की विशेषता यह है कि आमजन भी ऑनलाइन फीडबैक देकर रैंकिंग में अपनी भूमिका निभा सकेंगे। नागरिक अपने पसंदीदा तीन स्वागत द्वारों के नाम मय फोटोग्राफ गूगल फॉर्म या क्यूआर कोड के माध्यम से पोस्ट कर सकेंगे। जिला प्रशासन ने इस हेतु एक ऑनलाइन लिंक भी जारी किया है, जिस पर क्लिक कर फीडबैक दिया जा सकेगा।

शहर में सजेगा दीपोत्सव का रंग

दीपावली अवसर पर जिला प्रशासन, उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) और नगर निगम उदयपुर संयुक्त रूप से शहर के प्रमुख स्थलों, मार्गों और स्वागत द्वारों पर विशेष सजावट व आकर्षक रोशनी की व्यवस्था कर रहे हैं। ।

निजी अस्पतालों में अग्निशमन मॉक ड्रिल आयोजित, कर्मचारियों को आपात स्थिति से निपटने की दी गई ट्रेनिंग



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के प्रमुख निजी अस्पतालों में शुक्रवार को आग जैसी आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए नगर निगम उदयपुर के अग्निशमन विभाग की ओर से प्रशिक्षण एवं पूर्वाभ्यास (मॉक ड्रिल) आयोजित की गई। इस दौरान अस्पतालों के फायर फाइटिंग सिस्टम का परीक्षण किया गया तथा कर्मचारियों को आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया और सुरक्षा उपायों के संबंध में जानकारी दी गई। जिला कलक्टर एवं नगर निगम प्रशासक नमित मेहता तथा आयुक्त अभिषेक खन्ना के निर्देशानुसार, उप निदेशक (क्षेत्रीय) स्थानीय निकाय विनोद कुमार के सानिध्य में यह मॉक ड्रिल आयोजित हुई। सुबह 11 बजे गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, तथा दोपहर 2 बजे पैसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, उमरड़ा और पैसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, भीलों का बेदला में अग्निशमन अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल का नेतृत्व मुख्य अग्निशमन अधिकारी बाबूलाल चौधरी ने किया, जबकि सहायक अग्निशमन अधिकारी नवदीप सिंह बग्गा एवं टीम ने कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान अस्पतालों में आग लगने पर मरीजों को सुरक्षित निकालने का डेमो भी किया गया। अस्पताल स्टाफ ने फायर ब्रिगेड टीम की देखरेख में फायर एक्सटिंग्विशर, हाइड्रेंट सिस्टम व अलार्म उपकरणों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया और आपातकालीन निकासी प्रक्रिया (Evacuation Drill) का अभ्यास किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी चौधरी ने बताया कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य अस्पतालों की सुरक्षा प्रणाली को सुदृढ़ बनाना तथा आग जैसी आकस्मिक स्थिति में मरीजों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। कर्मचारियों को बताया गया कि आग लगने पर त्वरित प्रतिक्रिया कैसे दें, किस प्रकार फायर एक्सटिंग्विशर का उपयोग करें और किस क्रम में मरीजों की सुरक्षित निकासी करें। उल्लेखनीय है कि अग्निशमन विभाग द्वारा हाल ही में महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय में भी इसी प्रकार की अग्निशमन मॉक ड्रिल आयोजित की गई थी, जिससे अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शंकर लाल बामनिया निलंबित



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राज्य सरकार ने उदयपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शंकर लाल बामनिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। यह कार्रवाई उनके विरुद्ध विभागीय जांच कार्यवाही प्रस्तावित होने के कारण की गई है। आदेश में कहा गया है कि राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम-13 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निलंबन आदेश जारी किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान डॉ. बामनिया का मुख्यालय निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, राजस्थान, जयपुर के कार्यालय में रहेगा। यह आदेश राज्यपाल की आज्ञा से शासन उप सचिव सैयद शीराज़ अली जैदी द्वारा जारी किया गया है।

सदर थाना पुलिस ने खेड़ा गांव की लाखों की चोरी का खुलासा किया, दो आरोपी गिरफ्तार, सोने-चांदी के जेवर और नकदी बरामद



24न्यूज अपडेट

डूंगरपुर, 17 अक्टूबर। सदर थाना पुलिस ने खेड़ा गांव में हुए एक सूने मकान से लाखों की चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरों ने घर से सवा सात तोला सोने के जेवर, चांदी के आभूषण और करीब डेढ़ लाख रुपए नकद चुरा लिए थे। थाना अधिकारी सीआई सुबोध जांगिड़ ने बताया कि यह घटना 20 अगस्त को हुई थी। खेड़ा निवासी भरतलाल कलाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि घटना के दिन वह अपने पुराने घर पर थे, जबकि उनकी पत्नी एक धार्मिक कार्यक्रम में गई हुई थीं। शाम के समय जब भरतलाल अपने खेतों की ओर जा रहे थे, तो उन्होंने देखा कि उनके नए घर के दरवाजे खुले हैं और घर का सामान बिखरा पड़ा है। जांच में सामने आया कि घर से लाखों रुपए के जेवर और नकदी चोरी हो चुकी थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने मुखबिरों और पारंपरिक पुलिसिंग के जरिए जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस ने भाटपुर निवासी लोकेश उर्फ चौधरी और डूंगरपुर शहर की शास्त्री कॉलोनी निवासी मुस्तफा को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदात करना कबूल कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की पूछताछ शुरू कर दी है। उनसे चोरी का माल बरामद करने और अन्य वारदातों की जानकारी ली जा रही है।

सामलिया में चेन स्नेचिंग का खुलासा, तीन बदमाश गिरफ्तार; कस्बे में निकाला गया जुलूस



24न्यूज अपडेट

डूंगरपुर, 17 अक्टूबर। डूंगरपुर जिले की सरोदा थाना पुलिस ने 'ऑपरेशन शिकंजा' के तहत सामलिया गांव के पास हुई चेन स्नेचिंग की वारदात का पर्दाफाश कर शुक्रवार को तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आमजन में विश्वास बनाए रखने के उद्देश्य से आरोपियों का कस्बे में पैदल जुलूस भी निकाला। थानाधिकारी भुवनेश कुमार ने बताया कि सामलिया निवासी प्रेमजी पाटीदार ने 9 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि वह अपनी पत्नी रमिला पाटीदार के साथ बाइक पर डैयाणा से अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में शिवराजपुर सरकारी स्कूल के पास पीछे से बाइक पर आए तीन बदमाशों ने रमिला के गले से डेढ़ तोला वजनी सोने की चेन झपट ली। अचानक हुए इस हमले से पीड़िता बाइक से गिरकर घायल हो गई थीं। घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों की मदद से आरोपियों की पहचान की। जांच के दौरान पुलिस ने बांसवाड़ा जिले के भैयालाल कनिपा, रमेशचंद्र कनिपा और जीवा मीणा को हिरासत में लिया। पूछताछ में तीनों ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

शस्त्र पूजन विवादः एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ समेत तीन आरोपियों को हाईकोर्ट ने जमानत



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। राजस्थान यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के शस्त्र पूजन कार्यक्रम के दौरान हंगामा करने वाले एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़, किशोर चौधरी और कमल चौधरी को हाईकोर्ट ने जमानत दे दी है। जस्टिस अनूप ढंढ की अदालत ने उनके खिलाफ लगाए गए मामले में राहत दी। इससे पहले ट्रायल कोर्ट और एडीजे कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद विनोद जाखड़ करीब 17 दिन बाद जेल से बाहर आएंगे। जाखड़ ने कहा कि उन्हें राजनीतिक दुर्भावना से झूठा फंसाया गया और उनका विरोध गांधीवादी तरीके से किया गया था। यह मामला 30 सितंबर का है, जब राजस्थान यूनिवर्सिटी में RSS के शस्त्र पूजन कार्यक्रम में हंगामा हुआ। कार्यक्रम में RSS के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस आयोजन का विरोध करते हुए एनएसयूआई कार्यकर्ता स्टेज पर पहुंचकर तोड़फोड़ करने लगे। इस दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और पुलिस ने बारिश के बीच लाठीचार्ज कर स्थिति को नियंत्रित किया। एनएसयूआई के 12 कार्यकर्ताओं को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। बाद में 9 कार्यकर्ताओं के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को आहत करने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और राजकार्य में बाधा डालने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

गृह रक्षा T-20 क्रिकेटः फाइनल में बीकानेर ने अजमेर को दी मात, खेल भावना की प्रतिष्ठा के साथ प्रतियोगिता का समापन, एसीएस गृह ने किया विजेता टीम को पुरस्कृत



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 17 अक्टूबर। गृह रक्षा विभाग राजस्थान द्वारा खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई राज्य स्तरीय T-20 क्रिकेट प्रतियोगिता-2025 का शुक्रवार 17 अक्टूबर को सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह रोमांचक प्रतियोगिता 13 अक्टूबर से शुरू हुई थी और रेल्वे क्रिकेट मैदान गणपति नगर तथा विनायक मैदान बिंदायिका जयपुर में आयोजित की गई। रोमांचक फाइनल और विजेता टीम इस प्रतियोगिता में प्रदेश के सात संभागों और सीमा गृह रक्षा दल सहित कुल 8 टीमों ने भाग लिया, जिनके बीच लीग मैच खेले गए। शुक्रवार को रेल्वे क्रिकेट मैदान पर फाइनल मुकाबला बीकानेर संभाग और अजमेर संभाग की टीमों के बीच खेला गया।

इस मुकाबले में बीकानेर संभाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह और पुरस्कार वितरण समापन समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) भास्कर ए. सांवत थे। उनके नेतृत्व में विजेता टीम को ट्रॉफी और उपविजेता टीम को मैडल भेंट किए गए।

इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज़, बेस्ट विकेट कीपर, बेस्ट ऑलराउंडर और बेस्ट बॉलर जैसे पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया गया।

फाइनल मैच के दौरान महानिदेशक एवं महासमादेष्टा मालिनी अग्रवाल, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस पी. रामजी, महानिरीक्षक पुलिस संदीप सिंह चौहान, उप महा समादेष्टा विजय सिंह भाम्भू, बादोराव मीना, निदेशक सीटीआई बिजेंद्र सिंह और गृह रक्षा विभाग के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कार्मिक, स्वयंसेवक और दर्शक मैदान में उपस्थित रहे।

अंत मे मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विभाग की सराहना की।

डूंगरपुर में सुनसान मकान से 35 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी, पुलिस जांच में जुटी



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर, 17 अक्टूबर। जिले के दोवड़ा थाना क्षेत्र के चुंडियावाडा पाड़ा नई बस्ती में एक सुनसान मकान से करीब 35 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी होने की खबर सामने आई है। मकान मालिक गरवर सिंह राठौड़ नौकरी के सिलसिले में बाहर गए हुए थे, जबकि उनकी पत्नी भमुकुंवर और पुत्र महावीर सिंह दोपहर को गेहूं पिसवाने गांव की चक्की गए थे। पीड़ित परिवार के लौटने पर उन्होंने पाया कि मुख्य दरवाजे का ताला टूट गया है और घर के अंदर तिजोरी के ताले भी तोड़े गए हैं। गरवर सिंह के अनुसार, चोरी हुए सामान में 20 तोला सोने की दो जोड़ी बंगड़ी, दो हार, तीन चेन, दो जोड़ी झुमके और दो अंगूठियां शामिल हैं। इसके अलावा चोरों ने दो किलो चांदी और 1 लाख 10 हजार रुपए नकद भी चुरा लिए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। सीआई भंवर सिंह और उनकी टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और ग्रामीणों से भी जानकारी जुटाई। दोवड़ा थाने ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस गांव में लगे सीसीटीवी फुटेज की भी पड़ताल कर रही है। ग्रामीणों ने इस बड़ी चोरी की वारदात पर गहरा रोष व्यक्त किया है और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

ब्लाइंड मर्डर का खुलासाः गहने हड़पने के लिए की थी महिला की हत्या



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 17 अक्टूबर। प्रतापगढ़ जिले के खेरोट और विरावली के बीच एक सुनसान खेत पर मिली महिला की लाश के सनसनीखेज ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में आरोपी मृतका के पूर्व परिचित बालुराम मीणा को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने कथित तौर पर महिला के गहने गिरवी रखवाने के बाद उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी थी।

एसपी बी. आदित्य ने बताया कि 09 अक्टूबर को पुलिस को खेरोट विरावली के बीच एक खेत में महिला की लाश मिली थी। मृतका का गला सफेद गमछे से बंधा हुआ था और वह मुंह के बल पड़ी थी। थानाधिकारी दीपक बंजारा मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और जाँच शुरू की। मृतका की पहचान सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से सपना पुत्री मांगीलाल निनामा निवासी माण्डलीपाड़ा, घंटाली के रूप में हुई। मृतका के पिता की रिपोर्ट पर थाना प्रतापगढ़ में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

एसपी आदित्य के निर्देशानुसार एएसपी परबत सिंह और डीएसपी गजेन्द्र सिंह राव के मार्गदर्शन में थानाधिकारी प्रतापगढ़ द्वारा विशेष टीमों का गठन किया गया। इस मामले में सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि मृतका के पास कोई मोबाइल फोन नहीं था।

पुलिस को सपना की हत्या की कड़ियां जोड़ने के लिए शहर प्रतापगढ़, खेरोट, अरनोद, सालमगढ, घंटाली और अन्य इलाकों के 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगालने पड़े। तकनीकी और फुटेज के आधार पर संदिग्धों की तलाश की गई। जिसके आधार पर संदिग्ध बालुराम मीणा (30) निवासी घंटाली को डिटेन किया गया। कड़ी और मनोवैज्ञानिक पूछताछ के बाद बालुराम मीणा ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। हत्या का खौफनाक तरीका आरोपी बालुराम मीणा मृतका सपना मीणा का पूर्व परिचित था। सपना 06 अक्टूबर को पीहर से बिना बताए प्रतापगढ़ आई थी, जहाँ वह गांधी चौराहे पर आरोपी बालुराम मीणा से मिली। बालुराम ने स्वयं को आर्थिक तंगी में बताकर मृतका को अपने पहने हुए गहने कड़ियां और सांकली गिरवी रखने के लिए तैयार किया। आरोपी ने मृतका के साथ जाकर गहने गिरवी रखवाए और पैसे प्राप्त कर लिए।

जब मृतका सपना मीणा अपने गहने या पैसे वापस मांगने लगी तो आरोपी ने उसे रास्ते से हटाने की साजिश रची। 08 अक्टूबर की शाम को अंधेरा होने के बाद आरोपी ने पहले से खरीदे गए एक सफेद तोलिये के साथ मृतका को मोटरसाईकिल पर बैठाया और रुपए दिलवाने के बहाने विरावली-अरनोद की तरफ एक सुनसान खेत पर ले गया। मौका देखकर उसने तोलिये से गला घोंटकर सपना मीणा की निर्मम हत्या कर दी।

इस घटना के खुलासे में थाना प्रतापगढ़ के कांस्टेबल मानसिंह और कृष्णपाल सिंह की CCTV फुटेज से लोकेशन ट्रैक करने में अहम भूमिका रही, जबकि थानाधिकारी घंटाली सोहनलाल ने आरोपी की पहचान और डिटेन करने में विशेष योगदान दिया।

जोधपुर में सोना-चांदी की डिलीवरी के बहाने 30 करोड़ की ठगी करने वाला व्यापारी पकड़ा



24 न्यूज अपडेट

जोधपुर. सोना-चांदी और नकदी लेकर फरार हुए ज्वेलर्स कारोबारी शब्बीर अली (37) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने शहर के प्रमुख मार्केट घोड़ों का चौक में करीब 30 करोड़ रुपए की ठगी की थी। पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश ने बताया कि शब्बीर अली पिछले छह वर्षों से घोड़ों का चौक में बुलियन का कारोबार कर रहा था, लेकिन उसने अपनी दुकान का कोई रजिस्ट्रेशन नहीं कराया और सारा लेनदेन कैश में करता था। व्यापारी से सोना-चांदी की खरीद-फरोख्त बिना बिल के की जाती थी। पुलिस ने आरोपी को गुरुवार को आखलिया चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। प्रारंभिक जांच में संदेह है कि आरोपी के साथ और लोग भी जुड़े हो सकते हैं, और उसके हवाला कनेक्शन की भी जांच की जा रही है। घटना की पृष्ठभूमि के अनुसार, शब्बीर अली को 12 अक्टूबर को मार्केट में सोना-चांदी की डिलीवरी देनी थी, लेकिन दोपहर से उसका फोन लगातार स्विच ऑफ आ रहा था। व्यापारियों को शक होने पर उन्होंने 13 अक्टूबर को सदर बाजार थाने में FIR दर्ज कराई। कुल 14 ज्वेलर्स ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दी। घोड़ों का चौक जोधपुर का प्रमुख सोना-चांदी मार्केट है, जिसमें 200 से अधिक दुकानें हैं। यहां होलसेल व्यापार भरोसे पर आधारित है, जिसे शब्बीर अली ने अपनी ठगी के लिए भुनाया और व्यापारियों का विश्वास जीतकर उन्हें बड़ी रकम का चूना लगाया।

डिप्टी सीएम दीया कुमारी के निर्देश पर सख्त कदम, सीडीपीओ का ट्रांसफर, कर्मचारियों को किया बहाल

24 न्यूज अपडेट



उदयपुर। उदयपुर में महिला एवं बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानसिक उत्पीड़न के आरोपों के बाद विभाग ने शुक्रवार को सख्त कार्रवाई की। डिप्टी सीएम दीया कुमारी के निर्देश पर सीडीपीओ विजयराज मीणा को उदयपुर से बाड़मेर के गुढ़ामलानी में स्थानांतरित कर दिया गया। वहीं, तीनों पीड़ित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं दृ आशा गुर्जर, नसीम बानो और उर्मिला सालवी दृ को उनके पदों पर वापस बहाल करने के आदेश जारी किए गए। जानकारी के अनुसार, 1 अक्टूबर को मीणा ने बिना किसी पूर्व नोटिस और पक्ष जाने, सोशल मीडिया के माध्यम से तीनों कार्यकर्ताओं को हटाया था। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें सेंटर और ऑफिस बुलाकर दबाव बनाया जाता था और नौकरी से हटाने की धमकियां दी जाती थीं। विभाग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल हस्तक्षेप किया और कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की।

जोधपुर में पटाखों की बिक्री पर सख्त आदेशः 18 साल से कम उम्र के बच्चों को बिक्री पूर्ण प्रतिबंधित



24 न्यूज अपडेट

जोधपुर, 17 अक्टूबरः दीपावली के शुभ अवसर पर जोधपुर शहर में पटाखों की बिक्री और भंडारण को लेकर जोधपुर पुलिस आयुक्तालय ने कड़ा रुख अपनाया है। विस्फोटक अधिनियम, 1884 और विस्फोटक नियम, 2008 के तहत जारी आदेशों में दुकानदारों को सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन अनिवार्य किया गया है। पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश ने कहा कि सभी स्थायी और अस्थाई दुकानों को सख्त जांच और साइट निरीक्षण के बाद ही लाइसेंस जारी किया गया है। अब दुकानदारों को आदेशों का पालन करना अनिवार्य है, और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनका कहना था कि इस वर्ष पटाखों की बिक्री पूरी तरह सुरक्षित वातावरण में होनी चाहिए ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

मुख्य निर्देश और प्रतिबंधः

दुकान में 100 किलोग्राम से अधिक आतिशबाजी या 500 किलोग्राम ग्रीन आतिशबाजी नहीं रखी जा सकेगी। दुकान के आगे कोई अस्थायी शैड या ढांचा नहीं होगा; केवल साइट प्लान के अनुसार ही निर्माण। बरामदे, फुटपाथ और सड़क पर दुकान फैलाना प्रतिबंधित। बिजली के तार और रोशनी का उपयोग सख्त वर्जित। रंगीन/सितारा माचिस, रोल/डॉट कैप्स जैसी क्लोरेट युक्त आतिशबाजी अन्य वस्तुओं से अलग रखना अनिवार्य। केवल वही आतिशबाजी बिक्री के लिए रखें, जिसमें निर्माता का नाम और फायरिंग विवरण स्पष्ट रूप से अंकित हो। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बिना माता-पिता के आतिशबाजी की बिक्री प्रतिबंधित। दुकान में खुली आतिशबाजी प्रदर्शन के लिए न रखें और ग्राहकों की भीड़ इकट्ठा न होने दें।

मौत से पहले कर दिया था पिंडदान व सवामणि, 80 वर्षीय वरिष्ठजन का देहदान



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, सीकर। शहर के तारपुरा के रामा टांडा निवासी चौधरी तुलसीराम भगत (80) ने गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात अपने जीवन का अंतिम योगदान देते हुए एसके मेडिकल कॉलेज में बॉडी डोनेट की। उनके इस कदम से मेडिकल छात्रों को मानव शरीर की गहन अध्ययन सुविधा प्राप्त होगी और समाज में बॉडी डोनेशन की जागरूकता को बल मिलेगा।

देहदान की पहले से की थी घोषणा

तुलसीराम भगत ने तीन साल पहले ही अपने अंतिम संस्कार और पिंडदान का निर्णय ले लिया था। 4 जुलाई 2022 को उन्होंने अपनी पत्नी भगवानी देवी के साथ हरिद्वार जाकर गंगा में पिंडदान और सवामणी किया और अपने परिवार को बॉडी डोनेशन की घोषणा पूरी करने का निर्देश दिया। एसके मेडिकल कॉलेज में बॉडी डोनेट बीएल मील, बॉडी डोनेशन मोटिवेटर, ने बताया कि मृत्युपरांत परिवार और मेडिकल कॉलेज के स्टाफ ने तुलसीराम भगत के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उनका कहना है कि 80 वर्ष की आयु में भी तुलसीराम भगत किसी शारीरिक रोग से पीड़ित नहीं थे। तुलसीराम भगत के इस पुण्य कार्य में उनके परिवार का पूर्ण समर्थन रहा। उनकी पत्नी भगवानी देवी ने भी पहले ही बॉडी डोनेशन की घोषणा कर रखी थी। उनके चार बेटे और एक बेटी शारदा रैवासा, महेंद्र, राजेंद्र, मनोज और सुभाष इस फैसले के साथ खड़े रहे।

मेवाड़ कॉन्फ्रेंस कार्य समिति की बैठक सम्पन्न, आचार्य महाश्रमण की मेवाड़ यात्रा की तैयारियां तेज



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. आचार्य महाश्रमण की आगामी मेवाड़ यात्रा की व्यवस्था को लेकर जैन श्वेताम्बर तेरापंथी कॉन्फ्रेंस के प्रधान कार्यालय पर समग्र मेवाड़ के प्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने की। बैठक में बताया गया कि तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशम अधिशास्ता आचार्य महाश्रमण ने अहमदाबाद में ऐतिहासिक चातुर्मास पूर्ण कर 5 नवम्बर को मेवाड़ कॉन्फ्रेंस के प्रतिनिधियों से यात्रा की जिम्मेदारी ग्रहण करेंगे। यह यात्रा 6 नवम्बर को अहमदाबाद से प्रारंभ होकर 5 दिसम्बर को दिवेर में मंगल भावना समारोह के साथ सम्पन्न होगी।

आचार्य महाश्रमण प्रतिदिन औसतन 15 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए अपनी धवल वाहिनी के साथ 20 नवम्बर को ऋषभदेव पहुंचेंगे, जहां विशाल मेवाड़ स्तरीय स्वागत समारोह का आयोजन होगा। समारोह में पूरे मेवाड़ से तीन हजार से अधिक श्रावक-श्राविकाओं की उपस्थिति रहेगी। एक माह की इस यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों कार्यकर्ता मार्ग सेवा करते हुए आचार्य संघ की अगवानी करेंगे।

बैठक के मुख्य अतिथि संस्था शिरोमणी तेरापंथी महासभा के उपाध्यक्ष निर्मल गोखरू ने यात्रा व्यवस्था का विस्तृत विवरण देते हुए श्रावक समाज से सहयोग की अपील की। महामंत्री बलवंत रांका ने बताया कि आचार्य महाश्रमण 25 और 26 नवम्बर को उदयपुर, 29 नवम्बर को नाथद्वारा, 30 नवम्बर को कांकरोली, 1 दिसम्बर को राजसमंद, 2 दिसम्बर को केलवा तथा 5 दिसम्बर को दिवेर में प्रवास करेंगे। संबंधित क्षेत्रों में तेरापंथी सभाओं द्वारा धार्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने भीलवाड़ा के युवा साथी और टीपीएफ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज ओस्तवाल को मेवाड़ यात्रा का संयोजक मनोनीत किया। सहयोग के लिए भूपेन्द्र चोरडिया और कमलेश कच्छारा को समन्वयक नियुक्त किया गया।

बैठक में आमेट तेरापंथ सभा के अध्यक्ष यशवंत चोरडिया, कांकरोली सभाध्यक्ष लाभचंद बोहरा, राजसमंद सभाध्यक्ष हर्ष नवलखा, केलवा सभाध्यक्ष प्रकाश बोहरा, रेलमगरा सभाध्यक्ष मुकेश मेहता, दिवेर सभाध्यक्ष बाबूलाल लोढ़ा सहित कई गणमान्य श्रावक-श्राविकाओं ने यात्रा को सफल बनाने के लिए अपने विचार रखे और सहयोग का आश्वासन दिया।

बैठक का शुभारंभ सामूहिक नमस्कार और महामंत्र के मंगलाचरण से हुआ। स्वागत का कर्तव्य महामंत्री बलवंत रांका ने निभाया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्मल गोखरू ने श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन किया और आभार ज्ञापन कोषाध्यक्ष कमलेश कच्छारा द्वारा प्रस्तुत किया। बैठक का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष भूपेन्द्र चोरडिया ने किया।



चित्तौड़गढ़: कपासन एसडीएम राजेश सुवालका से 3 करोड़ की फिरौती मांगी, नहीं देने पर गोली मारने की धमकी - पुलिस ने जांच शुरू की



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़, 17 अक्टूबर। जिले के कपासन में पदस्थ एसडीएम और आरएएस अधिकारी राजेश सुवालका को अज्ञात व्यक्ति ने 3 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी है। धमकी देने वाले ने पत्र में लिखा कि यदि रुपए नहीं दिए गए तो गोली मार दी जाएगी। मामले की रिपोर्ट एसडीएम के पिता ने सुभाषनगर थाने में दर्ज करवाई, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

सादे कागज पर लिखा धमकी भरा पत्र

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के रमा विहार निवासी रामकिशन सुवालका ने रिपोर्ट में बताया कि उनका बेटा राजेश सुवालका कपासन में एसडीएम पद पर कार्यरत है। किसी अज्ञात व्यक्ति ने सादे कागज पर हाथ से लिखकर 3 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी है। पत्र में यह भी लिखा है कि रुपए नहीं देने पर गोली मारने की धमकी दी गई है।

पुलिस जुटी जांच में

सुभाषनगर थानाधिकारी शिवराज गुर्जर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। धमकी भरा पत्र लिखने वाले की पहचान के लिए फोरेंसिक और तकनीकी जांच करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि आरोपी ने धमकी क्यों दी — किसी रंजिश के चलते या केवल भय फैलाने के लिए, यह भी जांच का विषय है।

बाल विवाह में 66 प्रतिशत की गिरावट, सलूंबर में 400 से अधिक विवाह रुकवाए



24 न्यूज अपडेट

सलूंबर। राजस्थान में बाल विवाह की दर में लगातार गिरावट आ रही है। बीते तीन वर्षों में राज्य में लड़कियों के बाल विवाह में 66 प्रतिशत और लड़कों में 67 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। यह जानकारी जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन (JRC) की रिपोर्ट 'टिपिंग प्वॉइंट टू जीरो' में सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक गरीबी और पारंपरिक मान्यताएं बाल विवाह के प्रमुख कारण हैं।

सलूंबर एवं उदयपुर जिलों में गायत्री सेवा संस्थान ने जिला प्रशासन, पंचायतों और समुदाय के सहयोग से 400 से अधिक बाल विवाह रुकवाए हैं। संस्थान द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर विशेष हेल्पलाइन चलाई जाती है तथा सूचना देने वालों को प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है, ताकि समय पर कार्रवाई संभव हो सके।

यह जानकारी राजस्थान बाल आयोग सदस्य ध्रुव कुमार कविया ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह करवाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

संस्थान निदेशक डॉ. शैलेन्द्र पंड्या ने बताया कि संस्थान के प्रयासों से जिले में पहली निषेधाज्ञा जारी की गई है। वहीं, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के राष्ट्रीय संयोजक रवि कांत ने कहा कि राजस्थान का मॉडल देशभर में बाल विवाह रोकथाम की दिशा में मिसाल बन रहा है।

वंडर सीमेंट लि. निम्बाहेड़ा में स्टेटिक वेब्रिज सिस्टम से क्लिंकर रेक लोडिंग का शुभारम्भ



24 न्यूज अपडेट

निंबाहेड़ा/वंडर सीमेंट लि., आर. के. नगर, निम्बाहेड़ा में आज कम्पनी के यूनिट हेड नितिन जैन एवं ईवीपी, सेंट्रल लॉजिस्टिक्स सर्विसेज विनोद कुमार अग्रवाल द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रथम स्टेटिक वेब्रिज सिस्टम से क्लिंकर रेक लोडींग सिस्टम का शुभारम्भ किया गया। इस सिस्टम से कम समय एवं कम लागत तथा साफ सुथरे वातावरण में रेक लोडींग होगी, जो की पर्यावरण संरक्षण की दृष्टी से भी महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर जैन ने लॉजिस्टीक्स विभाग सहित सभी तकनिकी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह कम्पनी के शीर्ष प्रबन्धन की दूरदर्शिता का परिणाम है की हम औद्योगिक क्षेत्र में इतने बेहतरीन नवाचारों को क्रियान्वित कर रहे हैं। इस सिस्टम से अब और भी सुगम तरीके से लोडिंग कार्य संपादित कराया जायेगा। उल्लेखनीय है की वंडर सीमेंट लि. ने अब तक सीमेंट उत्पादन के क्षेत्र में विभिन्न नवाचारों एवं नई तकनिकी से कार्य करते हुए कई किर्तिमान स्थापित कर देश में उभरती हुई विख्यात सीमेंट कम्पनी के रुप में अपनी पहचान स्थापित की हैं। शुभारम्भ कार्यक्रम के दौरान भारतीय रेलवे के रामेश्वर प्रसाद (एरिया अधिकारी, चित्तौड़गढ़), संजय पासी (वाणिज्य निरीक्षक, चित्तौड़गढ़), नरेश गुर्जर (परिवहन निरीक्षक, चित्तौड़गढ़) उपस्थित थे। वंडर सीमेंट के मनोज कुमार शर्मा, सहायक उपाध्यक्ष-लॉजिस्टीक्स ने सभी अतिथियों एवं अधिकारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर वंडर सीमेंट के अमित मेहता, उपाध्यक्ष-ऑपरेशन एवं राजेन्द्र शर्मा,उपाध्यक्ष- प्रोसेस सहित कम्पनी के पीयूष जोशी, विपिन जैन, सुरेश चंन्द्र जुनवाल,रिद्धिश पांडे, हेमेन्द्र सिंह झाला,कृष्णकुमार राठी, राजकुमार पाटीदार,पुलकित खमेसरा,नागेन्द्र सिंह चुण्डावत, मनीष कोठारी, देवेन्द्र जैन एवं लॉजिस्टीक विभाग से विजय सिंह चुण्डावत, गजेन्द्र सिंह राठौड सहित कम्पनी के सम्बन्धित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

निःशुल्क डायबिटीज एवं ब्लड प्रेशर जांच शिविर में 248 अधिवक्ताओं ने करवाया चेकअप



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. उदयपुर बार एसोसिएशन एवं सिख समाज सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आज कोर्ट परिसर, उदयपुर में निःशुल्क डायबिटीज एवं ब्लड प्रेशर जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक चला, जिसमें कुल 248 अधिवक्ताओं ने अपनी निःशुल्क जांच करवाई। शिविर का उद्घाटन बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्र भान सिंह शक्तावत ने स्वयं चेकअप करवा कर किया। इस अवसर पर उन्होंने इस प्रकार के जनहितकारी आयोजनों की सराहना की और आयोजनकर्ताओं को बधाई दी। डायबिटीज की जांच रविंद्र पाल सिंह "कप्पू" द्वारा की गई, जबकि ब्लड प्रेशर की जांच मीना अरोड़ा ने की। शिविर में डायबिटीज से बचाव के लिए सुबह-शाम नियमित रूप से टहलने और मीठे का सेवन कम करने की सलाह दी गई, वहीं ब्लड प्रेशर नियंत्रण के लिए नमक का सेवन सीमित करने की सलाह दी गई। शिविर के दौरान बार एसोसिएशन के महासचिव महावीर शर्मा, उपाध्यक्ष देवीलाल जाट, सचिव अभिषेक कोठारी, वित्त सचिव राजकुमार शर्मा, पुस्तकालय सचिव खेमराज डांगी, सीनियर अधिवक्ता रतन सिंह राव, संतलाल अग्रवाल, रोशनलाल जैन सहित अनेक अधिवक्तागण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यह जानकारी अधिवक्ता आयुष अरोड़ा ने दी।

भैंसों से भरे तीन पिकअप जब्त, 15 भैंसें परिवहन करने वाले 6 आरोपी डिटेन



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। पुलिस ने पशु क्रुरता व परिवहन करते हुए तीन पिकअप व 15 भैंसें जब्त कर परिवहन करने वाले 6 जनों को डिटेन किया। थाना प्रभारी मदनलाल खटीक ने बताया की पुलिस टीम एएसआई हरिड्क्षसह,कानि. चन्द्रपाल ड्क्षसह,निहार व अशोक ने नाकाबंदी के दौरान सागवाडा से आसपुर की तरफ जा रही तीन पीकअप रोक कर चेक किया तो तीनो पीकअप मे ठूस ठूस कर 15 भैसे भरी हुई थी तीना के चालक का नाम पुछने पर गणेश 34 पुत्र धुलाजी ताबियाड निवासी बारोडी थाना अरथुना,राजु 40 पुत्र कालुराम निवासी सोहनमाता कुशलकोटा थाना अरथुना, विनोद 33 पुत्र कालिया थोरी निवासी भीमसौर नथैली थाना गढ़ी, महेन्द्र 20 पुत्र शांतिलाल थोरी निवासी गडिया बडगी थान चितरी,पंकज 30 पुत्र नरेश थोरी निवासी ढेबरिया कसारिया थाना चितरी,पंकज 18 पुत्र रमेश पारगी निवासी कुशलकोट थाना अरथुना को डिटेन किया। पशु क्रुरता अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया गया।


दीपावली उत्सव के मद्देनजर मॉकड्रिल

24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। मंदिर परिसर में 17 अक्टुबर शाम 5.10 बजे मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया। जिसमें 5 बजे 17 मिनट के लिए पुलिस विभाग सहित सभी विभागों की टीमों को अलर्ट किया गया। सुधा सिंह चारण उपखण्ड अधिकारी), रूपसिंह (पुलिस उपधीक्षक), मदनलाल खटीक (थाना प्रभारी), डॉक्टर पंकज खांट (बीसीएमओएन), संगीतकार ऋचा डामोर (नायब डियायर), श्री कल्पेश पाटीदार (फायरमैन), पटवारी आदि इसमें शामिल हुए। मॉकड्रिल जन सुरक्षा, आपदा प्रबंधन आग लगने की स्थिति में तत्काल प्रतिक्रिया की तैयारी के उद्देश्य से निर्धारित किया गया है। मॉकड्रिल के दौरान भर्ती दल द्वारा आग की स्थिति में राहत, राहत एवं नियंत्रण की मात्रा का प्रदर्शन किया गया। कल्पेश पाटीदार द्वारा प्रशिक्षित मशीनरी के सही उपयोग की जानकारी दी गई और आग पर पकड़ बनाने वाले तत्काल कदमों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। उपखंड मजिस्ट्रेट सुबोध सिंह चारण ने बताया की इस प्रकार की मॉक फीस समय-समय पर आयोजित की जाती है ताकी जन सामान्य में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़े और आपदा की स्थिति में तत्परता से राहत की जा सके।



10 हजार दीयों से जगमगाएगा प्रताप गौरव केन्द्र, धनतेरस पर लगेगी हल्दीघाटी विजय प्रदर्शनी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 17 अक्टूबरः वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के अंतर्गत संचालित उदयपुर का प्रताप गौरव केन्द्र इस धनतेरस 10 हजार दीयों की रोशनी से जगमगाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर गौरव केन्द्र के 100 अलग-अलग स्थानों पर 100-100 दीपक प्रज्वलित किए जाएंगे। साथ ही हल्दीघाटी विजय के सार्ध चतुःशती वर्ष के उपलक्ष्य में चित्र प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। दीपोत्सव कार्यक्रम के संयोजक और समिति के कोषाध्यक्ष अशोक पुरोहित ने बताया कि गौरव केन्द्र में स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष एक विशेष दीपक प्रज्वलित किया जाएगा। इस मौके पर राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया और भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस दीपक की लौ प्रज्वलित होते ही पूरे परिसर में 10 हजार दीपक रोशनी बिखेरेंगे। हल्दीघाटी विजय के 450वें वर्ष के उपलक्ष्य में मेवाड़ के रणबांकुरों की वीरता और ऐतिहासिक महत्व को दर्शाने वाली चित्र प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। प्रताप गौरव केन्द्र के निदेशक अनुराग सक्सेना ने बताया कि दीपोत्सव की तैयारी के तहत परिसर को रंग-बिरंगी विद्युत सज्जा से सजाया गया है। धनतेरस के दिन दीप प्रज्वलन के साथ-साथ आतिशबाजी का आयोजन भी किया जाएगा, जो कार्यक्रम को और भव्य बनाने में मदद करेगा।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।